दैनिक भास्कर
भीलवाड़ा भास्कर 05-03-2025

...सत करने वाले गहरे भाव के ...प्रयोग भी कराए जाएंगे।

...लोक सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी व संरक्षक शिवजी पारीक, लादू सिंह बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।

...ा

राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतिभाओं का सम्मान 8 मार्च को जयपुर में

...लक्की ...। मेले ...हींग, ...का ...र की ...और ...वों के ...। मेले ...य में अमित ...ीलाल राजेंद्र

भास्कर न्यूज | भीलवाड़ा

निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा की ओर से राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 8 मार्च को जयपुर के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में होगा। कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे शुरू होगा। महंत मोहन शरण शास्त्री के आशीर्वाद से होने वाले इस समारोह में प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग डॉ. कृष्णकांत पाठक मुख्य अतिथि होंगे। संस्कृत शिक्षा विभाग के शासन सचिव विश्राम मीणा अध्यक्षता करेंगे। अतिरिक्त आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण राजेंद्र सिंह कविया, पूर्व शासन सचिव संस्कृत शिक्षा विभाग डॉ. मोहनलाल यादव, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी उदयपुर ज्ञानदेव विश्वकर्मा, आयुक्त संस्कृत शिक्षा विभाग प्रियंका जोधावत आदि मौजूद रहेंगे।

राज्य स्तर पर 5 निम्बार्क वैदिक संस्कृत रत्न सम्मान

समिति के प्रांतीय संयोजक डॉ. केजी जांगिड़ ने बताया कि समारोह में राज्य स्तर पर 5 निम्बार्क वैदिक संस्कृत रत्न सम्मान दिए जाएंगे। यह सम्मान सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ नागौर के मुख्य न्यासी सेठ बजरंग लाल तापड़िया, गोपाल राठी, निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति टोंक मंडल डिग्गी के जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा, समिति के ब्यावर मंडल जिला अध्यक्ष बद्रीप्रसाद शर्मा व राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के प्राध्यापक नरेंद्र महर्षि को दिया जाएगा। कार्यक्रम के सहसंयोजक वीरेंद्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि प्रदेश स्तर पर 55 संस्कृत प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

...राक्षी स्कूल के विद्यार्थियों ने